तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **रामचन्द्र** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353994411356071	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
23/03/26	अपीलार्थी रामचन्द्र निवासी देवपुरा, ढ़ाणढणिया, तहसील लूणी, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 11.02.2026 माननीय कैविनेट मंत्री के Direction Note दिनांक 23.01.2026 File No. 1299 (04.02.2026) एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायत आईडी क्रंमाक– 022607825640402 के संबंध में की गई कार्यवाही की सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर शहर–प्रथम जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 337 दिनांक 06.03.2026 द्वारा अवगत करवाया की कार्यालय के दिनांक 04.03.2026 द्वारा अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.03.23 13:41:21 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21193598